## संक्षिप्त

### उपभोक्ता दिवस का आयोजन

**दूदू ।** जिला मुख्यालय पर राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस सप्ताह के दौरान उपभोक्ता दिवस का आयोजन किया गया जिला रसद अधिकारी सौरभ जैन ने बताया कि उपभोक्ताओं के अधिकारों का संरक्षण संवर्धन के साथ व्यापार व्यवहार से सुरक्षा की जानकारी दी गई घाट 18 दिसंबर से 24 दिसंबर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाकर उपभोक्ताओं को उपभोक्ता के अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया इस दौरान भाषण प्रतियोगिता रास्ता काशी उपभोक्ता जागरूकता रैली के आयोजन के पश्चात विजेताओं को अतिरिक्त जिला कलेक्टर गोपाल परिहार द्वारा स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र दिया जाकर सम्मानित किया गया इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे ।

### पौष बड़ा महोत्सव में श्रद्धालुओं के भीड़

**मनोहरपुर।** मनोहरपुर ग्राम में खोरा लाड़खानी स्थित हनुमान मंदिर में विलासका परिवार चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में मंगलवार को पौष बड़ा महोत्सव एवं सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। मौके पर विलासका परिवार के रामकृष्ण अग्रवाल ,कैलाश अग्रवाल ,श्याम कृष्ण अग्रवाल, विजय खंडेलवाल, सरपंच ईश्वर लाल जाट , कपील बंसल, मनोहरपुर अग्रवाल समाज अध्यक्ष सुरेश विलास ,मुकेश अग्रवाल, पूरणमल अग्रवाल, सुनील चौधरी , सत्यनारायण अग्रवाल, हरिशंकर, किशन सुराणा सहित श्रद्धालु मौजूद रहे।

### '24 घंटे में की जाएगी जलापूर्ति'

**पावटा।** विराटनगर नगरपालिका मे पानी की समस्या को देखते हुए विराटनगर कस्बे की जलापूर्ति अंतराल को कम कराते हुए 48 घंटे से कम कर 24 घंटे करने की दिशा मे कदम बढाते हुए कस्बे के लिए विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड की अनुशंसा पर 97.79 लाख की स्वीकृति जारी हुई है। इसके लिए क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड सहित ग्रामीणों ने प्रदेश मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, मंत्री जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग कन्हैयालाल चौधरी का हार्दिक आभार जताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

### जन्म कल्याण महोत्सव कल

**निवाई।** श्री पाश्र्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पराना में पाश्र्वनाथ जयंती पर जन्म कल्याणक महोत्सव का भव्य आयोजन होगा। समाज के महामंत्री महेन्द्र जैन पराना ने बताया गुरूवार को पाश्र्वनाथ जन्म कल्याणक महोत्सव पर नित्य अभिषेक शांतिधारा व संगीतमय पारसनाथ विधान का अयोजन होगा। दोपहर 1 बजे से वात्सल्य भोज का आयोजन होगा। जिसमें जयपुर, कोटा, टोंक, निवाई व मालपुरा शहित कई स्थानों से सकल दिगंबर जैन समाज के श्रद्धालु भाग लेंगे।

### जर्सियों का वितरण

**निवाई।** उपखंड क्षेत्र की राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय छोटी बरथल में छात्र छात्राओं को जर्सियों का वितरण किया गया। प्रधानाध्यापक नम्रता शर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों को जर्सियों का वितरण किया। इस दौरान प्रधानाध्यापक शर्मा के सानिध्य में नरेन्द्र धारवाल, कीर्ति करनानी, भागचन्द मीणा, सुमन गुप्ता, जूली जैन, मीरा चौधरी, अमीर खान व एसएमसी अध्यक्ष तेजाराम मीणा सहित कई शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को जर्सियां वितरित की।

### ज्ञापन सौपा

**टोंक।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेठी के आईसीसी के राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ प्रभारी एवं टोंक विधायक सचिन पायलट के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेठी टोंक द्वारा बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर पर देश के गृह मंत्री अमित शाह द्वारा अपमानजनक टिप्पणी के विरोद्ध में जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा के अध्यक्षता गांधी पार्क टोंक से मार्च निकालकर कलेक्ट्रेट परिसर पंहुचे जहां राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मु के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौपा।

### सूरजमल जयंती कार्यक्रम स्थगित

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम किरतपुरा की ढ़ाणी बड़ीयाली में एक 03 वर्षिय बालिका के बोरवेल में गिर जाने की घटना के चलते कस्बे के रामसिंहपुरा रोड़ स्थित महाराजा सूरजमल जाट छात्रावास में बुधवार 25 दिसम्बर को प्रस्तावित महाराजा सूरजमल की जयंती कार्यक्रम स्थगित किया गया है।

# किशनगढ़ बास में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कृषि कॉलेज भवन का किया उद्घाटन

**किशनगढ़ बास।** खैरथल तिजारा जिले के किशनगढ़ बास नगर पालिका के बास कृपाल नगर में 14 करोड़ 20 लाख की लागत से बनकर तैयार हुए कृषि महाविद्यालय कॉलेज भवन का केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने लोकार्पण किया और कृषि आधारित अरोरा पुस्तिका का विमोचन किया। कालेज कार्यक्रम से पहले केंद्रीय मंत्री खैरथल जिला सचिवालय पहुंचे जहां पर आयोजित दिशा बैठक में उन्होंने अधिकारियों से केंद्र और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं एवं विकास के कामों की समीक्षा कर कार्य प्रगति के निर्देश दिए। सेटेलाइट हॉस्पिटल में ब्लड टेस्टिंग मशीन सहित कार्यों का उद्घाटन कर हॉस्पिटल का अवलोकन किया और मरीजों से वार्ड में जाकर मिले।



किशनगढ़ बास के कृषि कॉलेज भवन का उद्घाटन करते केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, राज्य मंत्री संजय शर्मा।

इस दौरान केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के साथ राजस्थान सरकार में मंत्री संजय शर्मा तिजारा विधायक महंत योगी बालक नाथ मुंडावर विधायक ललित यादव किशनगढ़ बास विधायक दीपचंद खेरिया पूर्व सांसद डॉ करण सिंह यादव जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर हरीश रोघा अशोक डाटा सहित अधिकारी जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

किशनगढ़ बास के बास कृपाल नगर में कृषि महाविद्यालय भवन के लोकार्पण के अवसर पर बोल रहे केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा हैं। उन्होंने किसान नेता चौधरी चरण सिंह को स्मरण करते हुए कहा कि चौधरी चरण सिंह न केवल एक बड़े किसान नेता थे, बल्कि कृषि क्रांति और अर्थव्यवस्था का एक स्पष्ट विजन रखने वाले व्यक्तित्व थे। उन्होंने इस महाविद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों को कहा न केवल परंपरागत कृषि की चुनौतियों का सामना करना होगा, बल्कि जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न नई परिस्थितियों पर भी शोध और समाधान के लिए कार्य करना होगा।

- राज्य मंत्री संजय शर्मा विधायक महंत योगी बालक नाथ दीपचंद खेरिया सहित अधिकारी जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण भूमि में सूखा और नमी की कमी जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। आज डार्क जोन जैसी चुनौतियां पूरे देश में देखी जा रही हैं, जो भविष्य में कृषि क्षेत्र के लिए बड़ी बाधा बन सकती हैं। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र की सबसे बड़ी चुनौतियां पूंजी, श्रम, और संसाधनों की कमी हैं। बीज और तकनीक में सुधार लाने के बावजूद कृषि में निवेश को बढ़ावा देना आवश्यक है। जब तक निवेश नहीं बढ़ेगा, तब तक रोजगार सृजन और कृषि क्षेत्र को स्थिर बनाना कठिन होगा। कृषि को लाभदायक, सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए न केवल अकादमिक शोध की आवश्यकता है, बल्कि व्यावहारिक पहल भी करनी होगी।

## अम्बेडकर पर टिप्पणी के विरोध में पैदल मार्च निकाला

**दौसा।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में मंगलवार को केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर को लेकर की गई टिप्पणी के विरोध में शहीद स्मारक पर धरना एवं शहीद स्मारक से कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च का आयोजन किया गया। इधर कांग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट के बाहर गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। वही दूसरी ओर जिला अध्यक्ष रामजीलाल ओड के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन जिला कलेक्टर देवेन्द्र कुमार को सौपा।

दौसा सांसद मुरारीलाल मीणा ने कहा कि शुरू से ही भाजपा संसद को नहीं चलने देना चाहती थी क्योंकि पिछले 10 साल में अबकी बार मजबूत विपक्ष मिला है, संसद में देश में मुख्य मुद्दों पर चर्चा होती ओर भाजपा से सवाल पूछे जाते लेकिन देश के मुद्दों के जवाब देने के डर से सोच समझकर अमित शाह से संविधान निर्माता आंबेडकर के लिए अपमान जनक वाला बयान दिलवाया गया, जिसमें खुद मोदी की भी सहमति थी। इस तरह के बयान देकर भाजपा आम जनता का ध्यान भटकना चाहती है।

संसद में मणिपुर पर बहस होती, बेरोजगारी पर बहस होती, गरीबी, किसानों की बिजली ऐसे बहुत से मुद्दे थे जिन पर चर्चा होती और जवाब मांगा जाता लेकिन इन्होंने संसद को नहीं चलने दिया बल्कि आम जन का ध्यान भटकाया है। आंबेडकर के लिए जिस तरह से अमित शाह ने बोला है, उसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। अमित शाह को देश के 140 करोड़ जनता से माफी मांगनी पड़ेगी ग्रह मंत्री पद से स्टीफा देना पड़ेग दौसा विधायक दीनदयाल बैरवा ने कहा कि केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह संविधान का सहारा लेकर संसद तक पहुंचे है।

## कन्या महाविद्यालय का विधायक बंशीवाल ने किया निरीक्षण

**सिकराय।** विधायक विक्रम बंशीवाल ने मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र के भांडारेज कस्बे में करोड़ों रुपयों की लागत निर्माण हो रहें कन्या महाविद्यालय के घटिया निर्माण कार्य को देख कर नाराजगी जाहिर की है ।एवं पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को निर्माण कार्य में बरती जा रही अनियमितता की जांच करने के निर्देश दिए हैं।

विधायक ने निर्माणाधीन महाविद्यालय भवन के निरीक्षण दौरान निर्माण कार्य में लगाई जा रही निर्माण सामग्री बजरी व रोडी व निर्माण कार्य में लगाया जा रहा मसाला विभागीय मापदंडों के अनुसार नहीं मिलने पर फटकार लगाते हुए गुणवत्ता युक्त निर्माण कार्य करने का निर्देश दिए। निर्माण कार्य में भारी अनियमितता को देखकर विधायक का माथा ठिनक गया और मौके से ही पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को निर्माण कार्य में अनियमितता बरतने के बाद भी निर्माण होने को लेकर फटकार लगाते हुए निर्माण की कार्य की जांच करने व निर्माण कार्य के उपयोग में ली जा रही घटिया निर्माण सामग्री को हटाने के निर्देश दिए।



निर्माणाधीन महाविद्यालय का निरीक्षण करते विधायक बंशीवाल।

विधायक विक्रम बंशीवाल ने बताया कि भांडारेज कस्बे में करोड़ों रुपयों की लागत सेकन्या महाविद्यालय भवन के निर्माण कार्य में अनियमितता बरती जाने की ग्रामीणों से शिकायत मिल रही थी। निर्माणाधीन भवन के निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में भारी अनियमितताएं देखने को मिली है।

## 'सरकार की मंशा है कि प्रदेश में कोई भी व्यक्ति भूखा नहीं रहे'

**निवाई।** नगरपालिका के तत्वावधान में वनस्थली मोड पर अन्नपूर्णा रसोई का विधायक रामसहाय वर्मा व नगर पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने विधिवत पूजा अर्चना कर फीता काटकर शुभारंभ किया। विधायक वर्मा ने कहा कि सरकार की मंशा है कि प्रदेश में कोई भी व्यक्ति भूखा नहीं रहे। इसी उद्देश्य के लेकर राज्य सरकार ने अन्नपूर्णा रसोई शुरू की है। जिससे आमजन को 8 रूपए में भर पेट भोजन उपलब्ध होगा। अन्नपूर्णा रसोई लोगों के लिए वरदान साबित होगी। उन्होंने कहा कि आमजन भी अपने जन्मदिन व अन्य उत्सव पर अन्नपूर्णा रसोई में गरीबों को भोजन करवाए। यह भी एक अनूठी पहल होगी।

- वनस्थली मोड पर अन्नपूर्णा रसोई का फीता काटकर किया शुभारंभ

नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने कहा कि अन्नपूर्णा रसोई में गुणवत्तापूर्ण भोजन मिलेगा। वनस्थली मोड पर अन्नपूर्णा रसोई शुरू होने से आसपास के लोगों को फायदा मिलेगा।



अन्नपूर्णा रसोई का फीता काटकर शुभारंभ करते हुए विधायक रामसहाय वर्मा व नगर पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी।

अधिशाषी अधिकारी मनोहरलाल जाट ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा संचालित अन्नपूर्णा रसोई से हर जरूरतमंद लोगों को पौष्टिक भोजन मिलेगा।

उन्होंने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र में वेयर हाउस व जमात में स्थित पालिका भवन में अन्नपूर्णा रसोई संचालित है। इस दौरान विधायक वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष इसरानी, अधिशाषी अधिकारी जाट सहित जनप्रतिनिधियों ने अन्नपूर्णा रसोई में भोजन ग्रहण किया। इस दौरान पार्षद मदनलाल वर्मा, दुर्गाशंकर सैन, बाबूलाल सैनी, नितिन छाबड़ा, रामविलास बलाई, महामंत्री करण सिंह, संजय वर्मा, शंकर सैनी, जीतपाल गुर्जर, भाजपा नेता रामप्रसाद शर्मा व शिवप्रकाश पारीक सहित कई कई जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## प्लास्टिक का इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया

**सांभरझील,** (निसं)। पालिका प्रशासन ने अपनी जिम्मेदारी निभाने के बजाय केवल दुकानदारों से ''मैं पॉलिथीन का उपयोग नहीं करूंगा और ना ही ग्राहकों को दूंगा'' का संकल्प पत्र भरवा कर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली। सरकार और विभाग की ओर से समय-समय पर सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश दिए हुए हैं। सघन अभियान चलाकर लगातार पालिका प्रशासन की ओर से सख्त कार्रवाई की जानी थी लेकिन राजनीतिक दबाव और इनका उपयोग करने वालों के प्रति सहानुभूति दिखाई जा रही है। कुछ अरसा पहले तत्कालीन अधिशाषी अधिकारियों ने इस संबंध में थोड़ी बहुत कावाई की थी लेकिन उसके बाद में आज तक कोई अभियान गति नहीं पकड़ सका। ढिलाई के चलते आज भी क्षेत्र में सभी जगह पर अधिकांश रूप से प्रतिबंधित थेलियों का उपयोग हो रहा है।। आमजन भी कैरी बैग ले जाने के बजाय थेलियों में ही सामान लाना ज्यादा पसंद करते हैं। इनका सबसे ज्यादा धड़ल्ले से उपयोग फल, सब्जी ठेला वालों की ओर से खुलेआम हो रहा है। ग्राहक घर से थैला लेकर जाते नहीं है ऐसी दशा में मजबूरीवश इन फुटकर दुकानदारों को ग्राहकों को थैली उपलब्ध करवानी पड़ती है या उन्हें थैली रखने के लिए बाध्य किया जाता है, यदि कोई सब्जी फल वाला थैली नहीं रखता है तो ग्राहक उसके पास से सामान लेना पसंद नहीं करते हैं और जहां से थेली सहजता से मिल जाती है वहीं से ग्राहक सामान खरीदना है, इस कारण उन थड़ी ठेले वालों को भी मजबूरी के कारण इन पॉलिथीन का उपयोग करना पड़ता है। यद्यिप नगर पालिका की ओर से एक दो बार प्रिंटेड कपड़े के थेले सभी दुकानदारों और आम जनता तक उपलब्ध करवाए गए थे लेकिन लोग उनको लाने के बजाय सीधे बाजार से थैली में सामान लेकर जाते देखे जा सकते हैं।

थैलियां में खाने का कचरा होने के कारण गाय व सांड इन्हें खा जाते हैं जिससे बीमार होकर तड़प तड़प कर दम तोड़ देते हैं। फेंकी गई इन तेलियों के कारण नाले और नालियां जाम हो जाती है क्योंकि आगे पानी की निकासी नहीं हो पाती है। जागरूकता का अभाव और सामाजिक संस्थाओं की अनदेखी के कारण आज भी प्रतिबंधित पॉलिथीन की थैलियों का उपयोग हो रहा है जिन्हें सरकार की ओर सख्ती से बंद करने करने के लिए स्थानीय प्रशासन को समय-समय पर हिदायत भी दी जा चुकी है लेकिन ठोस करवाई नहीं हो सकी है।

## 30 घंटे से बोरवेल में जिंदगी और मौत की जंग लड़ रही चेतना, प्रयास विफल

**कोटपूतली।** सोमवार दोपहर करीब 02 बजे कोटपूतली के ग्राम किरतपुरा की ढ़ाणी बड़ीयाली में बोरवेल में गिरी 03 वर्षिय मासूम बालिका चेतना पुत्री भूपेन्द्र चौधरी को मंगलवार रात्रि करीब 09 बजे घटना के लगभग 30 घण्टे से अधिक का समय बीत जाने के बावजुद भी बोरवेल से बाहर निकालने में सफलता नहीं मिल सकी है। उल्लेखनीय है कि सोमवार दोपहर मासूम बालिका चेतना (03) अपनी बड़ी बहन काव्या (07) के साथ बोरवेल के पास खेलते हुये उसमें अचानक गिर गई थी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस प्रशासन में हडक़म्प मच गया था।

एनडीआरएफ-एसडीआरएफ की टीम को बुलाकर चेतना को रेस्क्यू करने का ऑपरेशन शुरू किया गया था। लगभग 750 फिट गहरे बोरवेल में चेतना करीब 150 फिट पर फंसी हुई थी। उसे लोहे की एल बैंड के देशी जुगाड़ के जरिये निकालने का प्रयास किया गया, लेकिन करीब 3-4 प्रयास के



30 घण्टे से अधिक का समय बीत जाने के बावजुद भी बोरवेल से बाहर निकालने में सफलता नहीं मिल सकी है।

बावजुद भी वह प्रयास विफल ही रहा है। इस दौरान उसे कई बार 30-40 फिट ऊपर उठाकर करीब 120 फिट तक लाया गया था। जिससे उसके बाहर निकलने की सम्भावनायें बन गई थी, लेकिन हर बार यह प्रयास विफल रहे। इस दौरान कैमरे में तकनीकी खराबी आ जाने के कारण ऑपरेशन रूका रहा। वहीं दुसरी ओर सोमवार रात्रि चेतना के परिजनों का हाल भी रो-रो कर बुरा था। चेतना के पिता भूपेन्द्र व माता धोली देवी समेत परिजन एवं ग्रामीण उसकी कुशलता की दुंआ मांग रहे है।

सुबह से मुवमेंट भी स्पष्ट तौर पर सामने नहीं आ रही है। वहीं दुसरी ओर जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह एवं विधायक हंसराज पटेल लगातार हालातों की मॉनीटरिंग कर रहे है। सांसद

- मानेसर से मंगवाई पाईलिंग मशीन, प्लान बी से बच्ची को बोरवेल से निकालने के होगें प्रयास

सिंह सोमवार रात्रि को घटना स्थल पर पहुँचे एवं प्रशासन से सभी आवश्यक जानकारियां जुटाते हुये आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। एसपी राजन दुष्यंत, एएसपी वैभव शर्मा, एडीएम ओमप्रकाश सहारण, नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट, एसडीएम बृजेश चौधरी, तहसीलदार रामधन गुर्जर, डीएसपी राजेन्द्र बुरडक़ समेत तीन थानों की पुलिस भी मौके पर ही तैनात है। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि देवायुष सिंह, विधायक प्रतिनिधि पंकज पटेल, भाजपा ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश महामंत्री एड. हीरालाल, भाजपा नेता शंकर लाल कसाना व यादराम जांगल आदि भी मौके पर मौजूद रहे।

### फ्रेशर पार्टी का आयोजन

**श्रीमाधोपुर** ।कस्बे के जीडीएमएल पटवारी महिला महाविद्यालय श्रीमाधोपुर में फ्रेशर पार्टी व नवआगन्तुक छात्राओं का स्वागत समारोह का शुभारम्भ प्रबन्ध समिति सचिव प्रियाशरण पटवारी ,सदस्य बब्लू पटवारी एवं प्राचार्या डॉ सुमित्रा गुप्ता के द्वारा मुख्य अतिथि जगदीश सिंह बैरवा तहसीलदार श्रीमाधोपुर ,विशिष्ट अतिथि डॉ अशोक कुमार अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका श्रीमाधोपुर के करकमलों द्वारा मॉ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात भारतीय संस्कृति परम्परा अनुसार रोली ,मोली, अक्षत एवं माल्यार्पण से मुख्य एवं विशिष्ट अतिथि, पत्रकार महेंद्र खण्डोलिया, लकी अग्रवाल, जितेन्द्र मोना अग्रवाल एवं व्याख्याता सरला शर्मा का स्वागत हुआ। स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए सचिव ने बताया पिछले 24 वर्षों से अनगिनत प्रतिभाशाली मेधावी छात्रायें अलग-अलग स्थानों पर पदासीन होकर सेवायें दें रही हैं। रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति के माध्यम से जीवन के अनमोल रिश्ते माता-पिता, भाई-बहन, गुरु दोस्त को महत्वपूर्ण बताकर जागरुकता का संदेश दिया।

## सार-समाचार

### क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन



**नारायणपुर।** उपखंड क्षेत्र के बड़ा गाँव स्थित गिठोकर स्टेडियम में मंगलवार को आजादपुर कप क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य आगाज़ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक देवीसिंह शेखावत ने बैट और बॉल से खेलकर किया। आयोजकों ने विधायक का पारंपरिक तरीके से साफा और माला पहनाकर स्वागत किया। इस प्रतियोगिता में 32 टीमों ने हिस्सा लिया। उद्घाटन मैच रसनाली और कराणा के बीच खेला गया, जिसमें कराणा की टीम ने 15 रनों से जीत दर्ज की। मैच के ''मैन ऑफ द मैच'' किशोर सैनी रहे। प्रतियोगिता का समापन 1 जनवरी को होगा। इस मौके पर महामंत्री नगेन्द्र सिंह चैनपुरा, सत्येन्द्र शर्मा, हंसराज गुर्जर, पप्पू सैनी, विजय गोठवाल, हुकुम सिंह, राधेश्याम सैनी, यादराम गुर्जर, किशोर सैनी सहित आजादपुर क्रिकेट समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### शिविर का आयोजन

**श्रीमाधोपुर ।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र झारली में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन सुबह 9 बजे से 5 बजे तक किया गया। शिविर का शुभारंभ शिविर प्रभारी डॉ. करण सिंह कोली ने किया और बताया कि शिविर में नेत्ररोग, दंत रोग एवं अन्य विषय विशेषज्ञ टीम द्वारा शिविर में लोगों का नि:शुल्क इलाज किया गया। इस अवसर पर बीपीएम रवि प्रकाश सैनी श्रीमाधोपुर ने बताया की आयुष डॉ. घनश्याम सैनी , आरबीएसके टीम श्रीमाधोपुर, डॉ जितेंद्र बाजिया दंत रोग, डॉ. कमल नेत्र रोग, डॉ. जयराम, मुकेश कुमार शर्मा सुपरवाइजर, अनूप चंद योग प्रशिक्षक, महेंद्र कुमार नर्सिंग ऑफिसर,राजेंद्र कुमार फार्मासिस्ट एवं सेक्टर की समस्त ए एन एम,आशा आदि उपस्थित रहे। शिविर में कुल 453 लोगों को लाभान्वित किया। शिविर में आए समस्त लोगों की आभा आईडी और आयुष्मान कार्ड बनाई गये। मरीजों की बीपी सुगर हीमोग्लोबिन की जाँच की गई। गंभीर रोगों के मरीजों को उच्च संस्था पर रेफर किया गया। ज्ञात रहे दिनांक 15 दिसंबर 2024 से 31 जनवरी 2025 तक प्रत्येक प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो पर आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**चाकसू।** स्थानीय राजकीय बालिका सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में दो दिवसीय एसएमसी/ एसडीएमसी प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। जिसकी अध्यक्षता संस्था प्रधान हेमलता सत्तावन द्वारा की गई। सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। शिविर में दक्ष प्रशिक्षक कमल कुमार सैनी उप प्राचार्य ने एसएमसी व एसडीएमसी सदस्यो के विधालय के प्रति दायित्वों व अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया। इसके पश्चात महेश मीणा प्राचार्य द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा सरकारी विद्यालयों में कौनसी योजनायें चलाई जा रही है।साथ ही समग्र शिक्षा विभाग की गतिविधियों के संदर्भ में शिक्षण कार्य में सहयोग,मिडडेमील,साईकिल वितरण योजना, स्वच्छता अभियान में सहयोग, विद्यालय विकास में भामाशाहों का सहयोग आदि बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। सदस्य अनीता बाहेती ने महिलाओं के समाज में योगदान को लेकर विचार व्यक्त किए। समाजसेवी सुमन कुमावत ने भी अपने विचार व्यक्त किये।पूर्व शिक्षक चौथमल जैन, स्थानीय विद्यालय की प्राचार्य ज्योति गुप्ता ममता मीना आदि सदस्य उपस्थित रहे सभी उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को अल्पाहार करवाकर गया ।

### मुलजिमों पर कानूनी कार्यवाही की मांग

**जयपूर।** शिवाजी पार्क थाने में बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय अलवर के प्राचार्य अशोक आर्य, प्रोफेसर कर्मवीर चौधरी,जे सी नारायण,दयाचंद डागुर,अनिल यादव, नरेंद्र यादव,ख्यालीराम (बाबू) एवं अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। घटना यह है कि खटीक छात्रावास के 3 बच्चे अलवर कला कालेज में चल रहे खेल देखने गये थे। वहां पर उपस्थित कॉलेज प्राचार्य अशोक आर्य, प्रोफेसर कर्मवीर चौधरी, अनिल यादव, जे पी नारायण, दयाचन्द डागुर, नरेन्द्र यादव, ख्यालीराम बाबू व अन्य व्याख्याता आये और उन्होने खटीक छात्रावास के बच्चों को ग्राउण्ड से बाहर जाने को कहा तो बच्चों ने कहा कि हम खेल देख रहे हैं। इस पर उपस्थित व्याख्याताओं ने तीनों बच्चो को पकड कर कॉलेज के अन्दर रूम में ले गये और बेरहमी से मारपीट की, जाति सूचक शब्द कहे और इन्हीं व्याख्याताओं ने स्वयं को बचाने के लिए पुलिस को मौके पर बुला लिया और इन निर्दोष बच्चों के खिलाफ मनगढंत कहानी बनाकर पुलिस थाना शिवाजी पार्क अलवर में भेज दिया। सभी मुलजिमों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की।

### पक्षीविला का लोकार्पण समारोह

**मालपुरा ।** रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन द्वारा भामाशाहओं के सहयोग से छत्रेश्वर महादेव मंदिर परिसर मे निर्माण करवाये गये 56 फिट ऊंचे सात मंजिला रोटरी पक्षीविला का मंगलवार को लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी की धर्मपत्नि व प्रतिनिधि राधा देवी चौधरी के साथ उपस्थित रोटरी राखी गुप्ता जिला प्रान्तपाल, रोटरी अरूण बगडिया जिला प्रान्तपाल की प्रतिनिधि पूनम बगडिया ,रोटरी पूर्व अध्यक्ष सीताराम वैष्णव एवं रोटरी गवर्नर डॉ. अंकित जैन की गरिमामय उपस्थिति मे पक्षीविला का लोकार्पण किया गया। समारोह मे मौजूद भामाशाह व गणमान्य लोगो को सम्बोधित करते हुये राधा देवी चौधरी ने कहा कि मनुष्य अपने आलीशान स्थाई आशियाने का निर्माण करवाने के लिये जीं तोड परिश्रम कर जीवन की उपलब्धि मानता है लेकिन इन बेजुबान पक्षियो को स्थाई आशियाना उपलब्ध करवा सुरक्षित जीवन जीने के लिये कोई पहल नही करने से यह पक्षी खुले आसमान तले अथवा पेडो की टहनियों पर एक-एक तिनका चुनकर अपना आशियाना बनाते है। ऐसे मे आज रोटरी परिवार ने 1500 से अधिक पक्षियो को आश्वर्य के लिये सात मंजिला पक्षीविला का निर्माण करवाया है।

### स्वच्छता रैली निकाली

**कोटपूतली।** कस्बे के डाबला रोड़ स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों ईकाईयों के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर के अन्तर्गत मंगलवार को ग्राम राहेड़ा, कल्याणपुरा खुर्द व भालोजी में स्वयंसेविकाओं ने साफ-सफाई कर स्वच्छता रैली निकाली। प्रथम ईकाई द्वारा ग्राम राहेड़ा को गोद लिया गया है। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रिया खंगारावत ने छात्राओं को राहेड़ा ग्राम में स्वच्छता संबंधी संदेश देने के लिये रैली को हरी झण्डी दिखाई तथा स्थानीय ग्रामीणों को छात्राओं ने स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राहेड़ा के प्राचार्य महेश यादव व उप प्राचार्य रामावतार कसाना ने छात्राओं को सम्बोधित किया। इस दौरान सूबेदार महावीर प्रसाद सहित ग्रामीण मौजूद रहे। द्वितीय ईकाई के कार्यक्रम अधिकारी व एनएसएस संयोजक डॉ. जगराम गुर्जर ने छात्राओं को भालोजी ग्राम में ले जाकर स्वच्छता रैली का आयोजन किया।

### श्री रामकथा का आयोजन कल से

**पावटा।** बाबा भरतदास जी सेवा समिति टोरडा(रामपुरा) गुजरान द्वारा बाबा भरतदास बगीची टोरडा गुजरान मे श्री श्री 108 मंगलदास महाराज के सानिंध्य एवं संत श्री रघुनाथदास महाराज, जयरामदास महराज, विशम्बरदास महाराज, रामशरणदास महाराज, शिवदयाल दास महाराज, राधेश्याम दास महाराज की उपस्थिति मे 26 दिसम्बर से 1 जनवरी 2025 तक 7 दिवसीय संगीतमय श्री रामकथा का आयोजन किया जायेगा। श्री श्री 108 मंगलदास महाराज ने बताया कि मां नर्बदा की कृपा पात्री साध्वी श्री अखिलेश्वरी दीदी मां वागदी संगम आश्रम, नेमावर इंदौर प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 3 बजे तक बाबा भरतदास बगीची टोरडा गुजरान में श्री राम कथा का रसपान करायेगी।

### अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

**फुलेरा।** कस्बे के समाजसेवी अर्पित मुद्गल ने क्षेत्र के युवाओं में व्याप्त नशे की प्रवृति पर रोकथाम लगाने के लिए नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी शिवराज कृष्णा को मंगलवार को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि फुलेरा में गैरकानूनी नशे का कारोबार तेजी से फैल रहा है। कुछ दुकानदार गांजा और स्मैक पीने में काम आने वाले फ़िल्टर और पेपर जैसी सामग्री खुलेआम बेच रहे है।